अमर उजाला 08/02/2026

दिव्यांश और लक्ष्य ने स्पर्धा में हासिल किया प्रथम स्थान

अंबाला छावनी के जीएमएन कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षक व छात्र। प्रवक्ता

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के कंप्यूटर एप्लीकेशन एवं मैनेजमेंट विभाग की ओर से आइडियाथॉन : माइंड टू मार्केट विषय पर शनिवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार की भावना, रचनात्मक सोच तथा वास्तविक समस्याओं के व्यावहारिक समाधान विकसित करना था।

इस दौरान आयोजित प्रतियोगिता में दिव्यांश और लक्ष्य (एमसीए प्रथम वर्ष) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुकृति और तन्वी (एमबीए प्रथम वर्ष) ने द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि ब्रिंदरजीत सिंह और आदर्श यादव (बीसीए द्वितीय वर्ष-एआई) ने तृतीय स्थान हासिल किया।

इस आइडियाथॉन में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों से कुल 35 टीमों ने भाग लिया और अपने अभिनव एवं मौलिक विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। गहन मूल्यांकन डॉ. रवनीत कौर, डॉ. दिशा अरोड़ा तथा शिवानी सोनी ने किया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की।